दिनांक 23.06.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- 18वीं लोकसभा का प्रथम सत्र कल से होगा शुरू–पहले दिन नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –पारिस्थितिक संतुलन के लिए पेडों का होना जरूरी। प्रदेश में आज से हुई **'एक पेड़ मां के नाम'** अभियान की शुरूआत।
- एक हजार 5 सौ 63 अभ्यर्थियों के लिए नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा आज आयोजित की गई।

और

- राज्य में भरतपुर, डूंगरपुर सहित कई स्थानों पर हुई बारिश–25 जून से पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान।

000

18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर और वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरी  महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख तक चलेगा।

000

राज्य में आज **'एक पेड़ मां के नाम'** अभियान की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अभियान के तहत मुख्यमंत्री आवास पर अपनी माताजी गोमती देवी के साथ बेल का पौधा लगाया।  इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। जो मिट्टी के कटाव को रोकने के साथ–साथ पर्यावरण प्रदूषण रोक कर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौध रोपण करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि इसी महीने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **'एक पेड़ मां के नाम'** अभियान का शुभारंभ किया था।

000

आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत के प्रगतिशील पथ से संबंधित एक सम्मेलन आज चेन्नई में आयोजित किया जा रहा है। इसमें एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी होने पर चर्चा हो रही है। कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि औपनिवेशिक शासकों ने भारतीयों को दंडित करने के लक्ष्य के साथ भारतीय दंड संहिता का निर्माण किया था।
उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक संहिताकरण का प्राथमिक उद्देश्य भारतीयों का शोषण करना था। श्री मेघवाल ने कहा कि न्याय प्रदान करने के लिए अब भारतीय न्याय संहिता की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश वर्ष 2019 से राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के परामर्श से काम कर रहे हैं।

---------------------

इस सम्मेलन में भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता सहित विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्रों में चर्चा की जा रही है। सत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता, उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा कानून के छात्र और अधिवक्ता भाग ले रहे हैं।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में भगोड़े अपराधियों से संबंधित प्रावधानों के बारे में बता रहे हैं। दण्ड प्रकिया संहिता में अभियुक्त की अनुपस्थिति में मुकदमे के बारे में कोई प्रावधान नहीं था। न्यायालय अभियुक्त की गैर हाजिरी में साक्ष्य अभिलिखित करने से आगे नहीं बढ़ पाती थी। इसी कमी को दूर करने के उद्‌देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 356 के तहत भगोड़े अपराधियों की समस्या से निपटना सुनिश्चित किया गया है। धारा 86 के अनुसार विदेश में भगोड़े अपराधियों की सम्पत्तियों को कुर्क करने का प्रावधान किया गया है।

ऐसा किये जाने से फरार अपराधी न्यायालय में उपस्थित होने के लिए मजबूर हो जाता है। धारा 107 न्यायालय को आपराधिक गतिविधियों से हासिल की गई सम्पत्तियों की जांच के बाद, निश्चित समयावधि में पीड़ितों को अपराध के ऐसे आगम को आनुपातिक रूप से बांटने की शक्ति देती है। उद्घोषित अपराधी यदि न्यायालय में हाजिर नहीं होते हैं तो ऐसी स्थिति में न्यायालय को अब उद्घोषित अपराधियों की अनुपस्थिति में भी सुनवाई करके मुकदमों को समाप्त करने का अधिकार है।

000

भारतीय वायु सेना पहली बार बहुपक्षीय हवाई अभ्यास अगस्त माह में जोधपुर में करने जा रही है। **'तरंग शक्ति'** के नाम से होने वाले इस युद्धाभ्यास में दुनिया की 12 वायु सेनाओं के जांबाज फाइटर बॉम्बर और स्ट्रैटेजिक लिफ्ट विमान शामिल होंगे। वायु सेना सूत्रों के अनुसार दो चरणों के इस अभ्यास की शुरुआत दक्षिण भारत के एयरबेस से होगी। इसके बाद अगस्त के मध्य से सितंबर के मध्य तक यह अभ्यास जोधपुर में होगा। युद्धाभ्यास में स्पेन और यूएई समेत 12 देशों को बुलाया गया है। क्वाड देश अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अलावा यूरोप की तीन बड़ी वायु सेनाओं ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के फाइटर जेट भी अभ्यास में हिस्सेदारी करेंगे।

000

----------------

नीट–यूजी परीक्षा 2024 में ग्रेस अंक वाले सभी एक हजार 563 विद्यार्थियों की आज दोबारा परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा का रिजल्ट 30 जून तक जारी किया जाएगा। संशोधित रिजल्ट जारी होने के बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया 6 जुलाई से शुरू होगी। एनटीए ने कहा है कि पुनः परीक्षा का फैसला एजेंसी की उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी के अनुसार लिया गया है। इन सभी विद्यार्थियों को पूर्व में दिये गये ग्रेस मार्क रद्द माने जाएंगे। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय ने कथित अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी है। मंत्रालय ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इसमें लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ये परीक्षा पांच मई को आयोजित की गई थी।

000

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू ने जुलाई 2024 सत्र से अस्पताल और स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यक्रम की शुरूआत की है। प्रबंधन कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में स्नातक रखी गयी है। इन कार्यक्रमों की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष और अधिकतम अवधि 4 वर्ष रखी गई है। यह कार्यक्रम पूरी तरह अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध रहेगा। विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों में बिना किसी परीक्षा के प्रवेश दिया जाएगा। इग्नू ने जुलाई सत्र 2024 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। नये प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून रखी गयी है।

000

प्रख्यात विचारक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज पुण्यतिथि मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉक्टर मुखर्जी का ऊर्जावान व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। इधर, प्रदेशभर में डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी और प्रदेश सहप्रभारी विजया राहटकर सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उदयपुर में डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस और सुन्दर सिंह भण्डारी की पुण्यतिथि के अवसर पर व्याख्यान माला और राज्यस्तरीय विशिष्ठ जन सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सांसद राजेन्द्र गहलोत और पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा सहित 16 हस्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया और मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मौजूद रही । जैसलमेर में डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। भरतपुर, केकडी, टोंक और शाहपुरा मुख्यालय पर भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धजंलि दी गई।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक दिवस है। इस अवसर पर युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये सभी से एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाने का आह्वान किया। डॉक्टर मांडविया ने खेल के क्षेत्र में अपने जोश, प्रतिबद्धता और उपलब्धता के लिए सभी एथलीट की सराहना की।

खेल मंत्री ने इस वर्ष के पेरिस ओलिम्पिक की तैयारी में लगे सभी खिलाडियों को भी शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय ओलिम्पिक दिवस का विषय है – **लेट्स मूव एण्ड सेलिब्रेट।** गौरतलब है कि ओलिम्पिक दिवस की शुरुआत 1948 में हुई थी तथा विश्व स्तर पर खेल और शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए हर साल 23 जून को यह दिवस मनाया जाता है।

पाली में आज जिला ओलंपिक संघ की ओर से कुष्ठ रोगियों और झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले छोटे बच्चों को फल और बिस्कुट वितरण किए गए। साथ ही बांगड़ स्टेडियम में पक्षियों के लिए परिंडे लगाऐ गये और पौध रोपण किया गया।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में जोधपुर ,बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश के समाचार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सबसे ज्यादा 33 मिलीमीटर बारिश जैसलमेर के फतेहगढ़ में दर्ज की गयी। वहीं आज कुछ जिलों में तापमान में बढोतरी से गर्मी का असर फिर बढ़ गया है। सवाईमाधोपुर और जैसलमेर में तेज गर्मी और उमस से आमजन जीवन प्रभावित हुआ है। वहीं डूंगरपुर में आज

दूसरे दिन भी बारिश हुई। तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। भरतपुर में भी आज बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली तथा मौसम सुहावना हो गया।

..............................

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कोटा, भरतपुर, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर वर्षा हो सकती है। वहीं जोधपुर संभाग में भी कहीं–कहीं बारिश होने का पूर्वानुमान है।

25 जून से राज्य के पूर्वी हिस्से के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। 26 और 27 जून को कहीं–कहीं भारी वर्षा का पूर्वानुमान है।

000